सप्तदश बिहार विधान सभा

अष्टम सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या–16 **सोमवार, दिनांक–27 मार्च, 2023 ई०।**

माननीय अध्यक्ष श्री अवध विहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:54 बजे अपराह्न तक।

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही कांग्रेस तथा वामपंथी दल के सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए। आसन द्वारा माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण भी अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा बार–बार माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर जाकर बैठ जाने तथा प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया गया, जिसके उपरान्त कांग्रेस तथा वामपंथी दल के सदस्यगण अपने–अपने स्थान पर बैठ गये, परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

[1] <u>प्रश्नकाल</u> :–

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।
(iii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iv) 21 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
(v) 36 तारांकित प्रश्न अनागत।

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध प्रश्नों का शत–प्रतिशत उत्तर प्राप्त हुआ है।

[2] <u>कार्य स्थगन प्रस्ताव</u> :–

माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी, श्री जनक सिंह, श्री ललन कुमार एवं श्री मुरारी मोहन झा द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

[3] शून्यकाल :–

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i) श्रीमती मंजु अग्रवाल
(ii) श्री सउद आलम
(iii) श्री इजहारूल हुसैन
(iv) श्रीमती प्रतिमा कुमारी
(v) श्री अजीत कुमार सिंह
(vi) श्री महा नंद सिंह
(vii) श्री मोहम्मद अनजार नईमी
(viii) श्री अखतरूल ईमान
(ix) श्री मुकेश कुमार यादव
(x) श्री विजय कुमार
(xi) श्री रणविजय साहू
(xii) श्री रामबली सिंह यादव
(xiii) श्री राजवंशी महतो
(xiv) श्री छत्रपति यादव
(xv) श्री अचमित ऋषिदेव
(xvi) श्री रामवृक्ष सदा
(xvii) श्री सुदामा प्रसाद

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–

(i) माननीय सदस्य, श्री सुदामा प्रसाद एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित तथा दिनांक 24.03.2023 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री सुदामा प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, कृषि विभाग, श्री कुमार सर्वजीत द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री चन्द्र शेखर द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(iii) माननीय सदस्य, श्री पवन कुमार जायसवाल एवं अन्य सभासदों का परिवहन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री पवन कुमार जायसवाल द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, परिवहन विभाग, श्रीमती शीला कुमारी द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 03:46 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[5] विधायी कार्य – राजकीय (वित्तीय) विधेयक :–

बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2023

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

विधेयक पर विचार की स्वीकृति उपरान्त खंडशः विचार के क्रम में बारी–बारी से सभी खंड विधेयक के अंग बने।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

स्वीकृति के प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपना–अपना पक्ष रखा।

(i) श्री जीतन राम मांझी
(ii) श्री नीरज कुमार सिंह
(iii) श्री सुदामा प्रसाद
(iv) श्री अजय कुमार
(v) डॉ० रामानुज प्रसाद
(vi) श्री शकील अहमद खाँ
(vii) श्री सुधांशु शेखर
(viii) श्री सुर्यकान्त पासवान

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा "बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2023" पर अपना पक्ष रखा गया।

तदुपरान्त **"बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2023"** सदन से स्वीकृत हुआ।

[6] निवेदन :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 61 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक–28 मार्च, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–27.03.2023

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।